बोर्ड प्रश्नपत्र : मार्च 2017

समय: 2 घंटे **कुल अंक: 40**

सूचना:-

i. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

ii. दाहिनी ओर के अंक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक दर्शाते हैं।

iii. प्रश्न क्रमांक 3(अ) के लिए आपूरित किए गए आलेख पेपर का उपयोग कर अपनी मुख्य उत्तर-पत्रिका के साथ संलग्न कीजिए।

iv. प्रश्न क्र. 3(क) के लिए आपूरित किए गए भारत के रेखामान-चित्र का उपयोग कर अपनी मुख्य उत्तर-पत्रिका के साथ संलग्न कीजिए।

v. मानचित्र बनाने के लिए स्टेन्सिल का उपयोग किया जा सकता है।

प्र.1. (अ) कोष्ठक में दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प चुनकर वाक्य पूरा कीजिए और अपनी उत्तर-पुस्तिका में फिर से लिखिए : **[3]**

1. क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत दुनिया का _______ सबसे बड़ा देश है।
   (पाँचवां, छठा, सातवां, चौथा)

2. जंगल की मिट्टी का रंग _______ होता है।
   (गहरा पीला, गहरा भूरा, गहरा लाल, गुलाबी)

3. _______ नदी बगर क्षेत्र के दक्षिण-पूर्वी भाग में से बहती है।
   (सतलुज, घाघरा, लूनी, सरस्वती)

(ब) 'अ' स्तंभ की 'ब' स्तंभ के घटकों के साथ उचित जोड़ियाँ मिलाइए : **[3]**

	'अ' स्तंभ		'ब' स्तंभ
i.	शीशम	अ.	पहाड़ी क्षेत्र
ii.	गुरुशिखर	ब.	पूजा का स्थान
iii.	सापुतारा	क.	अरावली शिखर
		ड.	शिवालिक पर्वतमाला

प्र.2. (अ) निम्नलिखित के भौगोलिक कारण लिखिए (कोई दो) : **[4]**

1. भौगोलिक अध्ययन में क्षेत्रीय दृष्टिकोण बहुत महत्त्वपूर्ण है।
2. पूर्वी घाट की मिट्टी अधिक उपजाऊ नहीं है।
3. राजस्थान का रेगिस्तान पर्यटकों का मन मोह लेता है।
4. प्रायद्वीपीय पठारी क्षेत्र-मध्यवर्ती उच्च भूमि में वनों की संख्या कम हो रही है।

(ब) संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए (कोई दो) : **[4]**

1. असम मैदान की पर्यावरणीय समस्याएँ
2. महाराष्ट्र पठार
3. भारतीय द्वीप में मत्स्य उद्योग

प्र.3. (अ) नीचे दिए गए सांख्यिकीय आँकड़ों के आधार पर एक रेखालेख बनाइए : **[2]**

वर्ष	चीनी उद्योग (लाख टन में)
2000-01	95
2001-02	130
2002-03	180
2003-04	160
2004-05	125

(ब) नीचे दी गई आकृति का अवलोकन कीजिए तथा इसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए (कोई दो): **[2]**



प्रश्न:

1. आकृति का नाम बताइए।
2. भारत में सबसे अधिक कौन-से वाहन बिकते हैं?
3. भारत में सबसे कम कौन-से वाहन बिकते हैं?
4. व्यापारिक वाहनों की कितनी बिक्री हुई है?

(क) दिए गए भारत के रेखामान-चित्र में निम्नलिखित घटकों को दर्शाइए। इन्हें नामांकित कीजिए तथा सूची बनाइए (कोई दो) : **[2]**

1. पश्चिमी मैदान
2. सिक्किम हिमालय
3. जैसलमेर
4. गोदावरी नदी।

प्र.4. निम्नलिखित प्रश्नों के सविस्तार उत्तर लिखिए (कोई दो) : **[8]**

1. हिमालय की नदियों का वर्णन कीजिए।
2. गंगा के मैदानी क्षेत्र के जंगलों का वितरण लिखिए।
3. पश्चिमी घाट तथा पश्चिमी तटीय क्षेत्र में पर्यावरण से संबंधित क्या समस्याएँ हैं?

प्र. 5. कोष्ठक में दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : **[2]**

1. पूँजीवादी अर्थव्यवस्था में, उत्पादन के साधनों का स्वामित्व, नियंत्रण एवं व्यवस्थापन _______ के द्वारा होता है।

   (सरकार, समाज, निजी व्यक्तियों)

2. आर्थिक समस्या मुख्यत: संसाधनों की _______ के कारण होती है।

   (खूब होना, कमी, उपलब्धता)

प्र.6. निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक का उत्तर एक अथवा दो वाक्यों में लिखिए (कोई तीन) : **[6]**

1. राजनीतिक प्रभुसत्ता का अर्थ क्या है?
2. सार्वजनिक वितरण प्रणाली का अर्थ क्या है?
3. औद्योगिक कलह के कौन-कौन से प्रभाव होते हैं?
4. उपभोक्ता के कौन-कौन से कर्तव्य हैं?
5. 'बैंक दर' का अर्थ समझाइए।

प्र.7. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर पाँच या छः वाक्यों में लिखिए : **[4]**

1. माल और सेवाओं की माँग को बढ़ाने के लिए कौन-से कारक जिम्मेदार हैं?
2. सार्वजनिक वितरण प्रणाली के दोषों को हटाने के क्या उपाय सुझाए गए हैं?